उत्तर प्रदेश शासन
राजस्व अनुभाग–9
संख्या2415/एक–9–2016–रा–9
लखनऊ, दिनांक 21 सितम्बर,2016

प्रदेश अध्यक्ष / महामंत्री,
उ0प्र0 लेखपाल संघ लखनऊ।

उ0प्र0 लेखपाल संघ के पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मण्डल जिसमें श्री राम मूरत यादव, प्रदेश अध्यक्ष, श्री ब्रजेश श्रीवास्तव, महामंत्री, श्री दीपक त्यागी, उपाध्यक्ष, पश्चिमी जोन, श्री राम पूजन राम, उपाध्यक्ष पूर्वी जोन, श्री विनोद कुमार कश्यप, कोषाध्यक्ष, श्री सुदेश कुमार, संगठन मंत्री, श्री भूपेन्द्र कुमार, आडीटर, श्री मनोज त्रिपाठी, संगठन मंत्री शामिल थे, द्वारा मा0 मुख्य मंत्री जी से आज मुलाकात कर अपनी मांगों से अवगत कराया गया। विचार–विमर्श के समय श्री राहुल भटनागर, मुख्य सचिव, श्री अरविन्द कुमार, प्रमुख सचिव, राजस्व, श्री नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव, सूचना, श्री आमोद कुमार, सचिव, मुख्यमंत्री तथा श्री रिग्जियान सैम्फिल, विशेष सचिव, मुख्यमंत्री उपस्थित थे। मा0 मुख्य मंत्री जी द्वारा लेखपाल संघ की मांगों पर विचार–विमर्श के उपरान्त निम्नवत कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गयेः–

**2– लेखपाल संघ की निम्न मांगों को स्वीकार किया गयाः–**

(क) लेखपालों को लैपटाप दिये जाने के प्रस्ताव पर मा0 मंत्रि–परिषद के आदेश शीघ्र प्राप्त कर लिये जायेंगे।

(ख) राजस्व निरीक्षक पद पर प्रोन्नति हेतु लेखपालों की वरीयता सूची की त्रुटियों का निराकरण परिषद द्वारा करा दिया गया है। अतः राजस्व निरीक्षक के रिक्त पदों पर प्रोन्नति हेतु प्रस्ताव लोक सेवा आयोग को जनपदों से प्रविष्टियां पूर्ण कराकर शीघ्र प्रेषित कर दिया जायेगा।

(ग) राजस्व निरीक्षक पद पर सीधी भर्ती हेतु निर्धारित 25 प्रतिशत कोटे को प्रोन्नति कोटे में परिवर्तित कर उसे संग्रह अमीन संवर्ग तथा लेखपाल संवर्ग से पदों की संख्या के अनुसार अनुपातिक आधार पर भरे जाने के संबंध में प्रक्रियात्मक कार्यवाही एवं नियमावली में संशोधन की कार्यवाही संबंधित विभागों के परामर्श से शीघ्र पूर्ण करायी जायेगी।

(घ) लेखपालों को अतिविशिष्ट परिस्थिति यथा गंभीर बीमारी पति व पत्नी के पृथक–पृथक जनपदों में तैनाती के दृष्टिगत उनके निजी अनुरोध पर संबंधित जिलाधिकारियों की अनापत्ति प्राप्त करते हुए स्थानान्तरण की सुविधा हेतु नियमावली में शीघ्र संशोधन कराया जायेगा।

(ड) लेखपाल संवर्ग में स्टैगनेशन को दूर करने के लिए लेखपाल तथा राजस्व निरीक्षक में 10:1 अनुपातिक बनाये रखने के लिए राजस्व निरीक्षक के अतिरिक्त 500 पदो का सृजन कराया जायेगा।

कृ०प०उ०

3— लेखपालों के प्रारम्भिक ग्रेड पे को रू0 2000 से बढ़ाकर रू0 2800 किये जाने की मांग, लेखपाल का पदनाम राजस्व उपनिरीक्षक किये जाने की मांग, लेखपालों की अनिवार्य शैक्षिक योग्यता को बढ़ाकर स्नातक किये जाने की माग तथा ए0सी0पी0 विसंगति को दूर करने की मांग को वेतन समिति को संदर्भित करने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्देश दिये गये कि वेतन समिति से लेखपालों से संबंधित मांगों पर शीघ्र संस्तुतियां उपलब्ध कराने की अपेक्षा कर ली जाए।

4— मा0 मुख्य मंत्री जी द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि लेखपालों की अन्य मांगों पर भी शासन स्तर पर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए शीघ्र समाधान कराया जाए। यह भी निर्देश दिये गये कि आन्दोलन अवधि में कर्मचारियों के विरूद्ध यदि कोई उत्पीड़नात्मक कार्यवाही आन्दोलन में शामिल होने के संबंध में की गयी हो तो उसे भी समाप्त कर दिया जाए। मा0 मुख्य मंत्री जी द्वारा दिये गये निर्देशों के कम में प्रतिनिधि मंडल द्वारा मा0 मुख्य मंत्री जी का आभार व्यक्त किया गया। लेखपाल संघ से अपेक्षा की गयी कि वे अपना आन्दोलन तत्काल समाप्त कर दें।

5— कृपया उक्त के कम में अपना आन्दोलन तत्काल समाप्त करनें का कष्ट करें।

(अरविन्द कुमार)
प्रमुख सचिव, राजस्व
एवं राहत आयुक्त।